शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो

# डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान

13-14, झालाना डूँगरी, जयपुर-302004 फोन : 0141-2711660, पंजीयन संख्या 290/80-81

E-mail :- dramdkr@gmail.com Website : www.dramdkrsociety.com

सोशल मीडिया से जुडे

dr.amws

@DrAMWS2022

@bhimchannel22

डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी

No. DrAMWS/2024/GS/1140 दिनांक: 29.05.2024

## सोसायटी सदस्यों हेतु तथ्यात्मक जानकारी

1. वर्तमान में डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान जयपुर से डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा, आईपीएस के अध्यक्ष पद से इस्तीफ़े एवं श्री जसवन्त सम्पतराम, आईपीएस (सेवानिवृत्त) को सहवरण प्रकिया से अध्यक्ष चुनने पर सोशल मीडिया में काफ़ी चर्चा हो रही है, अतः यह उचित समझा गया कि समस्त तथ्यों एवं प्रक्रिया से सभी को अवगत कराया जाए।

2. अध्यक्ष, डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा आईपीएस की स्वीकृति से दिनांक 19.05.2024 को केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक के आयोजन बाबत सभी को दिनांक 14.05.2024 को पूर्व सूचना दी गई। श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं श्री दयानंद सक्करवाल, कोषाध्यक्ष ने अपनी अनुपलब्धता जरूर जाहिर कि परंतु बैठक को रद्द करने अथवा आगे की तारीख में करने हेतु कोई सुझाव नहीं दिया था। दिनांक 19.05.2024 को केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा, आईपीएस को करने हेतु अनुरोध करने पर उन्होंने सूचित किया कि उन्होंने सोसायटी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है और रजिस्ट्रार सोसाइटीज एवं महासचिव को अभी सूचित कर रहा हूं, जिसे केंद्रीय कार्यसमिति द्वारा स्वीकृत किया जाए। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अनुरोध किया कि आप समस्त समाज के हित में इस्तीफा वापस ले। परंतु डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा आईपीएस ने इस्तीफा वापस लेने से मना किया।

3. तत्पश्चात बैठक में उपस्थित सदस्यों ने डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा, आईपीएस को अनुरोध किया कि आपने इस्तीफा पेश किया है जो अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है, अतः आप आज़ की बैठक की अध्यक्षता करें, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। बैठक में चर्चा हुई की अध्यक्ष का इस्तीफा स्वीकार कोन कर सकता है एवं आगे किसको जिम्मेदारी दी जा सकती है। सोसायटी विधान अनुसार इस विषय पर केवल केंद्रिय कार्यसमिति को ही सक्षम पाया गया। साथ ही पुरानी परंपराओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने बताया कि पूर्व के केवल दो ही उदाहरण मालूम है, हो सकता है अधिक भी हो। पूर्व में गत केंद्रीय कार्यसमिति के कार्यकाल में निर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राम कुमार वर्मा के इस्तीफा देने पर तत्कालीन उपाध्यक्ष श्री बनवारी लाल बैरवा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सहवरण प्रकिया के तहत वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया था। इसी प्रकार श्री अंगुरा लाल को पूर्व में सन् 1983 में अध्यक्ष बनाया गया था और इस बारे में पूर्व पदाधिकारीगण अधिक

Contd.

13-14, झालाना डूँगरी, जयपुर-302004 फोन : 0141-2711660, पंजीयन संख्या 290/80-81
E-mail :- dramdkr@gmail.com Website : www.dramdkrsociety.com

सोशल मीडिया से जुड़े
dr.amws
@DrAMWS2022
@bhimchannel22
डॉ अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी

जानकारी प्रदान कर सकते हैं। इस मुद्दे पर भी चर्चा की गई कि अध्यक्ष का इस्तीफा जब केंद्रीय कार्यसमिति को ही स्वीकार करना है और क्योंकि अध्यक्ष पद रिक्त हो रहा है तो विधान अनुसार नए अध्यक्ष का सहवरण भी कर लिया जाए।

4. बैठक में बताया गया कि विधान में दो परिस्थितियों पर प्रावधान है। पहला अगर अध्यक्ष अनुपस्थित है तो विधान के अनुच्छेद संख्या संख्या (17) (2) के अंतर्गत उपाध्यक्ष, अध्यक्ष के रूप में **कार्य करेंगे**। यहां हमें इस बात पर गौर करना पड़ेगा कि उपाध्यक्ष कार्य करेगा की जगह कार्य करेंगे लिखा है, जिसका अर्थ यह है कि ग्यारह उपाध्यक्ष में से जो भी उपलब्ध होगा वो रोजमर्रा के कार्य कर पाएगा। यह भी चर्चा हुई कि सोसायटी के बैंक खाते के संचालन हेतु नए स्थाई अध्यक्ष के हस्ताक्षर की आवश्यकता होगी। इसलिए अध्यक्ष का तत्काल चयन आवश्यक समझा गया।

5. अतः इसी बैठक में ही अध्यक्ष का सहवरण विधान अनुसार किया जाना उचित समझा गया। विधान के अनुच्छेद संख्या (10)(ग) के अनुसार रिक्त स्थान की पूर्ति सहवरण से की जाएगी। **यहां यह जानना जरूरी है कि अध्यक्ष का पद रिक्त हो रहा है ना कि अध्यक्ष अनुपस्थित है,** जिनका कार्य उपाध्यक्ष विधान अनुच्छेद (17)(2) अनुसार करेंगे। पूरी चर्चा उपरांत निम्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया कि **"पहले डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा आईपीएस का अध्यक्ष पद से स्तीफा स्वीकार किया जाए और फिर सहवरण किया जाता है। अध्यक्ष पद रिक्त होने के उपरांत श्री जसवन्त सम्पतराम आईपीएस सेवानिवृत, उपाध्यक्ष को विधान अनुच्छेद संख्या (10)(ग) के तहत सहवरण प्रकिया के अनुरूप अध्यक्ष पद पर सहवरण किया जाता है"।** इस बैठक में कुल 58 सदस्यों में से 34 पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया और प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया। इस प्रस्ताव को केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक दिनांक 25.05.2024 में फिर से सर्वसम्मति से अनुमोदित किया जा चुका है। इस बैठक के बारे में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को दिनांक 23.05.2024 को सूचित किया गया था। दिनांक 25.05.2024 की बैठक में पूर्व सूचना के बावजूद वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री बनवारी लाल बैरवा एवं श्री दयानंद सक्करवाल कोषाध्यक्ष शामिल नहीं हुए।

6. यहां यह भी बताना उचित होगा कि वर्ष 2016 में एक सलाहकार मंडल का गठन हुआ था जिसके संयोजक तत्कालीन अध्यक्ष डॉ भजन लाल रोलन थे, अतः उनके कार्यकाल समाप्त होने पर सलाहकार मंडल भी समाप्त हो गया और नए सोसायटी अध्यक्ष डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा आईपीएस ने नए सलाहकार मंडल के गठन हेतु श्री सत्यवीर सिंह, आईपीएस

Contd.

(सेवानिवृत्त) को सर्च कमेटी का संयोजक बनाया। चूंकि उन्होंने सलाहकार मंडल में शामिल होने वाले व्यक्तियों के नाम अभी तक नहीं भेजे है, इसलिए सलाहकार मंडल के गठन की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया जा सका है। अतः सलाहकार मंडल की दिनांक 26.05.2024 को प्रस्तावित बैठक को सलाहकार मंडल के गठन उपरांत करने का अनुरोध किया गया था।

7. दिनांक 26.05.2024 की बैठक के आयोजन कर्ताओं को बैठक नहीं करने हेतु सूचित किया गया था और अनुरोध किया गया था कि किसी बड़ी बैठक से पहले पूर्व अध्यक्षों एवं समाज के मोजीज व्यक्तियों की एक बैठक आयोजित कर ली जाए और उसमें चर्चा अनुसार आगे की विस्तृत बैठक की रूपरेखा तैयार की जाए। परंतु दिनांक 26.05.2024 को अवैधानिक बैठक का आयोजन किया गया और हमें अभी तक भी अधिकारीक रूप से यह नहीं बताया गया है कि इस बैठक का संयोजक कोन था, इस बैठक में कोन कोन व्यक्ति शामिल हुए एवं इस बैठक में क्या प्रस्ताव पारित किया गए। परन्तु सोशल मीडिया एवं अखबारों के माध्यम से **पता चला कि डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान के सलाहकार मंडल व संरक्षक मंडल की रविवार दिनांक 26.05.2024 को हुई बैठक में सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष, संरक्षक सदस्यों से चर्चा कर सर्वसम्मति से सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष आईपीएस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के त्यागपत्र देने के बाद खाली हुए अध्यक्ष पद पर बनवारी लाल बैरवा को चुना गया। 19 मई को अवैधानिक तरीके से अध्यक्ष बनाए गए जसवन्त सम्पतराम को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष हनुमान प्रसाद ने की** । सोसायटी विधान में सलाहकार मंडल एवं संरक्षक मंडल का कोई जिक्र नहीं है और इनके कोई अधिकार एवं कर्तव्य भी नहीं है। दिनांक 26.05.2024 को आयोजित इस अवैधानिक बैठक में पारित प्रस्ताव एवं शामिल सदस्यों की बैठक रजिस्टर की प्रति भी आयोजकों ने अभी तक वेलफेयर सोसायटी को उपलब्ध नहीं कराई है। अतः यह मानना उचित होगा कि दिनांक 26.05.2024 की बैठक में कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया गया।

8. श्री बनवारी लाल बैरवा द्वारा जारी पत्र संख्या 1 दिनांक 26.05.2024 में **सलाहकार मंडल एवं संरक्षक मंडल द्वारा सर्वसम्मत सलाह का जिक्र** है जबकि अखबारों में छपी खबरों के अनुसार श्री **बनवारी लाल बैरवा को इस बैठक में अध्यक्ष पद पर चुना गया** था। यहां यह ध्यान देने वाली बात है कि **सलाह और चुनने में बहुत अंतर है।** चूंकि यह बैठक अवैधानिक थी, इसकी सलाह और पारित प्रस्ताव भी अवैधानिक है। श्री बनवारी लाल बैरवा द्वारा दिनांक 02.06.2024 को प्रस्तावित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक आयोजित करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि श्री बनवारी लाल बैरवा न तो अध्यक्ष हैं और न ही महासचिव ने इस बैठक का आयोजन किया है। सोसायटी विधान अनुसार केंद्रीय कार्यसमिति के अध्यक्ष

Ghmy
Contd.

एवं महासचिव, प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं महासचिव भी होंगे। इस संदर्भ में सोसायटी पत्र क्रमांक 1133 दिनांक 27.05.2024 द्वारा उपरोक्त को अवैधानिक घोषित किया जा चुका है।

9. अतः दिनांक 19.05.2024 से श्री जसवन्त सम्पतराम आईपीएस (सेवानिवृत) अध्यक्ष, श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री गणपत लाल वर्मा, महासचिव एवं श्री दयानंद सक्करवाल, कोषाध्यक्ष हैं। श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा अध्यक्ष के रूप में जारी सभी पत्र एवं कार्यवाही अवैधानिक है और आगे भी अवैधानिक होगी।

10. अतः समस्त सोसायटी सदस्यों एवं समाज से अनुरोध है कि अफ़वाहों पर ध्यान नहीं देवें।

11. सूचना सोशल मीडिया, सोसायटी वेबसाइट एवं सोसायटी सूचना पट्ट द्वारा समस्त सोसायटी सदस्यों के लिए जारी की जा रही है।

सादर

(जी. एल. वर्मा)

महासचिव

9829688869